HAMIRPUR POLICE

सर्विलांस सेल **दिनांक 13.09.2023**

जनपद अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों/ गुमशुदगी से सम्बन्धित 65 अपहृताओं की सकुशल बरामदगी

जनपद में पंजीकृत गुमशुदगी/अपहरण सम्बन्धित अभियोगों एवं महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित अपराध में सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर के द्वारा सर्विलांस सेल को निर्देशित किया गया। उक्त आदेश के अनुपालन में सर्विलांस सेल टीम के द्वारा विभिन्न थानों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अभियान चलाकर जनपद अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों/ गुमशुदगी से सम्बन्धित अपहृताओं की सकुशल बरामदगी हेतु तत्परता से कार्यवाही करते हुए कुल 65 अपहृताओं की सकुशल बरामदगी करके परिवारीजनों को सुपुर्द कराया गया एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने में सर्विलांस सेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिससे जनपद में महिला सम्बन्धी लम्बित चल रहे अभियोगों/ गुमशुदगी का निस्तारण समय से सम्भव हो सका।

शासन स्तर से महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षा के संबन्ध में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सर्विलांस टीम द्वारा की गई इस सराहनीय कार्यवाही से जनपद की महिलाओं में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना जागृत हुयी है एवं जनसामान्य मे पुलिस के प्रति एक अच्छी छवि के साथ-साथ अच्छा संदेश भी प्रसारित हुआ है। इस सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा प्रभारी सर्विलांस सेल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

➤ बरामदगी करने वाली टीम:-

1.उ0नि0 आनन्द कुमार साहू (प्रभारी सर्विलांस सेल)	2.का0 रवि कुमार पटेल 3.का0 गजेन्द्र सिंह यादव	4.का0 कृष्ण कुमार गुप्ता 5.का0 अतुल तिवारी